# जिला उद्योग केंद्र अधिकारी करणजीत वाडोदरिया ने औद्योगिक संगठनों के साथ बैठककर सघन वृक्षारोपण का किया आह्वान

सिलवासा 16 जुलाई। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली वन विभाग द्वारा प्रदेश में सामाजिक वनीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई स्तरों पर काम किया जा रहा है। प्रदेश में औद्योगिक स्थापना के समय सर्वाधिक नुकसान वृक्षों का हुआ था। जिसको ध्यान में रखकर वन विभाग ने पिछले दिनों सभी औद्योगिक इकाईयों के संचालकों से मुख्य वन संरक्षक के. रविचंद्रन ने अपने-अपने औद्योगिक परिसरों में प्लांटेशन करने का आह्वान किया था। जिसके बाद इस दिशा में कुछ नियम भी निर्धारित किए गए थे और सभी औद्योगिक संचालकों से अनुरोध किया गया था कि वे ऐसे पौधों का वृक्षारोपण करें जो तेजी से बढ़ते हैं और पर्यावरण के लिए उपयोगी हो। इसी को ध्यान में रखकर औद्योगिक इकाईयों को सघन वृक्षारोपण के अभियान में शामिल करने के लिए आज सचिवालय परिसर में जिला उद्योग केंद्र अधिकारी करणजीत वाडोदरिया ने सभी औद्योगिक इकाईयों के संचालकों और औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक किया। जिसमें चंद्रकांत पारेख, नरेंद्र त्रिवेदी, संजीव कपूर, डॉ. रत्नाकर सिंह, अजीत यादव, अजीत देशपांडे के अलावा भारी संख्या में औद्योगिक संचालक शामिल हुए। इस अवसर पर करणजीत वाडोदरिया ने सभी औद्योगिक इकाईयों के संचालकों से अनुरोध किया कि वे बरसात के दौरान अगर वृक्षारोपण करते हैं तो ऐसे वृक्षों के वृद्धि की संभावना अधिक होती है। समय सीमा के अंदर सभी औद्योगिक संचालक अपनी औद्योगिक इकाईयों में वृक्षारोपण करें। इस अवसर पर औद्योगिक संचालकों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में औद्योगिक संचालकों का जो सहयोग होगा वे देने के लिए तैयार है और सभी औद्योगिक संचालक अपने परिसरों में भारी मात्रा में वृक्षों को लगाएंगे जिससे पर्यावरण के नुकसान की भरपाई किया जा सके।

असली आज़ादी
Wed, 17 July 2019
https://www.readwhere.com/read/c/41490465